वर्ष- 3 , अंक- 12
छपरा
4 दिसंबर गुरूवार
2025
पृष्ठ - 04

दैनिक
# खोजखबर
खबरों की सच्चाई से रू-ब-रू

E-mail : dainikkhojkhabar@gmail.com
E-Paper
website : www.dainikkhojkhabar.live

## गुजरात के भावनगर में कॉम्प्लेक्स में आग, 19 का रेस्क्यू



**अहमदाबाद,एजेंसी।** गुजरात के भावनगर में बुधवार सुबह एक कॉम्प्लेक्स में आग लग गई। बेसमेंट में शुरू हुई आग देखते ही देखते पूरी बिल्डिंग में फैल गई। इसमें 4 अस्पताल और कई दुकानें हैं। आग के फैलते ही फर्स्ट फ्लोर के अस्पताल की खिड़की तोड़कर नवजातों को चादर में लपेटकर बाहर निकाला।
वहीं दूसरे अस्पताल से भी मरीजों का रेस्क्यू किया गया। प्रशासन के मुताबिक, घटना में किसी तरह की जनहानि नहीं हुई है। इमारत से धुआं फैलने के कारण मरीजों को दूसरी जगह शिफ्ट किया गया। आग लगने के कारणों की जांच शुरू कर दी गई है।

## संजौली मस्जिद केस में हाईकोर्ट का ऑर्डर,ऊपर की तीन मंजिलें हटाने का आदेश दोहराया,



**शिमला,एजेंसी।** हिमाचल हाईकोर्ट में संजौली मस्जिद मामले में वक्फ बोर्ड की याचिका पर सुनवाई के दौरान कोर्ट ने मस्जिद की ऊपर बनी तीन मंजिलें हटाने का आदेश दोहराया है। जस्टिस अजय मोहन गोयल ने कहा कि वक्फ बोर्ड और मस्जिद कमेटी ने स्वयं इन मंजिलों को हटाने का वादा किया था, इसलिए इन्हें हटाना अनिवार्य है। यदि ऐसा नहीं किया गया तो नगर निगम इन्हें गिराने के लिए स्वतंत्र होगा। वक्फ बोर्ड ने कोर्ट को बताया कि तीन में से दो मंजिलें हटा दी गई हैं और आखिरी मंजिल भी हटाई जाएगी। वहीं, मस्जिद की निचली दो मंजिलों को लेकर हाईकोर्ट ने 5 अक्टूबर 2024 के आदेश के अनुसार यथास्थिति बनाए रखने के निर्देश दिए हैं।

**कमिश्नर के आदेशों के खिलाफ रिट याचिका दायर की थी** :बता दें कि वक्फ बोर्ड ने बीते सप्ताह हाईकोर्ट में शिमला निगम कमिश्नर के आदेशों के खिलाफ रिट याचिका दायर की थी। बीते शुक्रवार को यह याचिका वापस लेकर दोबारा फाइल करने की अनुमति मांगी गई। आज दोबारा वक्फ बोर्ड की सीएमपीएमओ याचिका पर हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। हाईकोर्ट ने 9 मार्च 2026 को होने वाली अगली सुनवाई तक निगम कमिश्नर के ऑर्डर की अनुपालना करने के आदेश दिए। इससे पहले, वक्फ बोर्ड निगम कमिश्नर के मस्जिद तोड़ने के आदेशों को जिला अदालत में चुनौती दे चुका है।

### संसद का शीतकालीन सत्र: पीएम मोदी बंगाल के भाजपा सांसदों से मिले

# कहा- विधानसभा चुनाव जीतना है, अभी से काम शुरू करें; विपक्षी सांसद गैस मास्क पहनकर संसद पहुंचे



**नई दिल्ली,एजेंसी।** संसद के शीतकालीन सत्र का बुधवार को तीसरा दिन है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सुबह 11 बजे दोनों सदनों की कार्यवाही से पहले संसद परिसर में पश्चिम बंगाल के भाजपा सांसदों से मुलाकात की। उन्होंने सांसदों से कहा कि राज्य के मौजूदा हालात को लेकर जनता से बातचीत की जरूरत है।

पीएम ने कहा- जमीनी स्तर पर जो कुछ हो रहा है, उसका कड़ा विरोध करना चाहिए। 2026 विधानसभा चुनाव को लेकर, प्रधानमंत्री ने सांसदों से डिटेल में प्रजेंटेशन तैयार करने, पॉलिटिकल प्लानिंग और लोगों को संगठित करने के लिए ग्राउंड वर्क पर काम पूरा करने के निर्देश दिए।

प्रधानमंत्री ने भाजपा सांसदों से कहा कि सांसद खगेन मुर्मू पर हमले जैसी घटनाओं को प्रभावी ढंग से उजागर किया जाना चाहिए। ताकि वहां के लोग समझ सकें कि तृणमूल कांग्रेस के नेतृत्व में किस तरह हिंसा को बढ़ावा दिया जा रहा है।दूसरी तरफ, कांग्रेस सांसद सोनिया गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे सहित अन्य विपक्षी सांसदों ने संसद के बाहर मकर द्वार के सामने नए लेबर लॉ के खिलाफ प्रदर्शन किया। कुछ विपक्षी सांसद दिल्ली में वायु प्रदूषण के खिलाफ विरोध जताने के लिए गैस मास्क पहनकर पहुंचे।

मंगलवार को स्पीकर ओम बिड़ला की अध्यक्षता में सर्वदलीय बैठक में इस पर सहमति बनी। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने बताया, 8 नवंबर को 'वंदे मातरम' के 150 साल पर विशेष चर्चा होगी। वहीं, 9 नवंबर को 'चुनाव सुधारों' पर बहस होगी।

कांग्रेस के चीफ व्हिप के. सुरेश ने बताया, चुनाव सुधारों में SIR का मुद्दा भी होगा।

### कांग्रेस सांसद बोले- जब तक प्रदूषण पर चर्चा नहीं होती, गैस मास्क पहनकर आएंगे



कांग्रेस सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने कहा- आज ऐसी स्थिति पैदा हो गई है कि हम इस जहरीली हवा में सांस लेने को मजबूर हैं। हम मांग करते हैं कि इस मुद्दे को गंभीरता से लिया जाए और प्रधानमंत्री इस पर आगे आएं। हरियाणा, पंजाब, उत्तर प्रदेश, दिल्ली और राजस्थान के मुख्यमंत्रियों का एक समूह बनाया जाए और दिल्ली-NCR में वायु प्रदूषण से निपटने के लिए बजट आवंटन के साथ एक योजना बनाई जाए।

### प्रियंका बोलीं- वायु प्रदूषण राजनीतिक मामला नहीं, संसद में चर्चा हो



कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने वायु प्रदूषण पर कहा- मैं हर दिन कहती हूं कि सबको मिलकर इस मुद्दे पर कुछ करना चाहिए। यह कोई राजनीतिक मुद्दा नहीं है। संसद में इस पर चर्चा होनी चाहिए और ठोस कदम उठाए जाने चाहिए।

## दिल्ली एमसीडी उपचुनाव में भाजपा को 2 सीटों का नुकसान,9 से घटकर 7 सीटें हुईं

### कांग्रेस का खाता खुला, आप की 3 सीटें बरकरार



**नई दिल्ली,एजेंसी।** दिल्ली नगर निगम (MCD) के 12 वार्डों पर उपचुनावों के नतीजे आ गए हैं। भाजपा ने 7, आम आदमी पार्टी ने 3 और कांग्रेस-ऑल इंडिया फॉर्वर्ड ब्लॉक पर जीत हासिल की है। इससे पहले 12 वार्डों में से 9 भाजपा और 3 आप के पास थे।

दिल्ली में भाजपा सरकार बनने के बाद हुए इस पहले चुनाव में पार्टी को 2 सीटों का नुकसान हुआ है। वहीं, कांग्रेस अपना खाता खोलने में कामयाब रही है। बीजेपी ने जिन वार्डों में जीत दर्ज की उनमें द्वारका-बी, अशोक विहार, ग्रेटर कैलाश, दिचाऊं कलां, शालीमार बाग-बी, विनोद नगर और चांदनी चौक शामिल हैं।

आप ने नरैना, मुण्डका, डाक्षिणपुरी और एक अन्य सीट जीती। कांग्रेस के सुरेश चौधरी ने संगम विहार-A से 3628 वोटों की बढ़त से जीत हासिल की। यह कांग्रेस की एकमात्र जीत रही। चांदनी महल से AIFB के मोहम्मद इमरान जीते।

इन 12 वार्डों में मतदान 30 नवंबर को हुआ था। इस बार मतदान प्रतिशत 38.51% रहा, जो 2022 में 250 वार्डों पर हुए चुनावों के 50.47% टर्नआउट से काफी कम है।

### भाजपा की 2 सीटों पर आप का कब्जा

इस उपचुनावों में भाजपा ने जिन 2 सीटों को खोया है, वो दोनों सीट आप को मिली है। हालांकि आप को भी अपनी 2 पुरानी सीटों पर हार मिली, इस वजह से उसके पास पहले की तरह 3 ही सीटें रही।

### 30 नवंबर को वोटिंग हुई थी

दिल्ली नगर निगम (MCD) के 12 वार्डों पर उपचुनाव के लिए 30 नवंबर को सुबह 7:30 बजे से शाम 5:30 बजे तक वोटिंग हुई थी। इस चुनाव में 51 उम्मीदवार मैदान में थे। इस बार मतदान प्रतिशत 38.51% रहा। इन 12 सीटों से 11 सीटें पार्षदों के विधायक बनने के बाद खाली हुई थीं। जबकि द्वारका बी सीट 2024 में खाली हुई थी, जब यहां की पूर्व पार्षद कमलजीत सहरावत ने पश्चिमी दिल्ली सीट से लोकसभा चुनाव जीता था।

## केंद्र बोला- संचार साथी से जासूसी संभव नहीं, न होगी-हम आदेश बदलने को तैयार

### पहले कहा था- हर मोबाइल में एप इंस्टॉल करना जरूरी



**नई दिल्ली ,एजेंसी।** केंद्र सरकार ने बुधवार को लोकसभा में कहा कि संचार साथी एप से, जासूसी करना न तो संभव है, न ही जासूसी होगी। केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने एप को लेकर कांग्रेस नेता दीपेंद्र सिंह हुड्डा के सवालों के जवाब पर कहा- फीडबैक के आधार पर, मंत्रालय एप इंस्टॉल करने के आदेश में बदलाव करने को तैयार है।

दरअसल, दूरसंचार विभाग (DoT) ने 28 नवंबर को सभी मोबाइल फोन निर्माताओं को एक आदेश जारी किया था। इसमें कंपनियों को भारत में बेचे जाने वाले सभी मोबाइल फोन के साथ-साथ सॉफ्टवेयर अपडेट के जरिए मौजूदा हैंडसेटों में भी संचार साथी पहले से इंस्टॉल करना अनिवार्य कर दिया था।

इसको लेकर विवाद शुरू हो गया। कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने कहा था कि यह कदम लोगों की प्राइवेसी पर सीधा हमला है। यह एक जासूसी एप है। सरकार हर नागरिक की निगरानी करना चाहती है। साइबर धोखाधड़ी रोकने लिए सिस्टम जरूरी है, लेकिन सरकार का यह आदेश लोगों की निजी जिंदगी में अनावश्यक दखल जैसा है।

## मुस्लिमों को मथुरा-ज्ञानवापी पर दावा छोड़ना चाहिए,ये हिंदुओं के लिए मक्का-मदीना जैसे:एएसआई पूर्व अधिकारी



**कोझिकोड,एजेंसी।** इंडिया आर्कियोलॉजिकल सर्वे (ASI) के पूर्व रीजनल डायरेक्टर केके मुहम्मद ने कहा है कि मुसलमानों को दो और ऐतिहासिक जगहें छोड़ देनी चाहिए जो मंदिर भी हैं। पहली- मथुरा जो भगवान कृष्ण का जन्मस्थान है। दूसरी- ज्ञानवापी जो भगवान शिव से जुड़ी है।

न्यूज एजेंसी से बात करते हुए केके मुहम्मद ने कहा कि ये जगहें मुसलमानों को हिंदू समुदाय को भव्य हिंदू मंदिर बनाने के लिए सौंप देनी चाहिए। मथुरा-काशी हिंदुओं के लिए उतने ही महत्वपूर्ण हैं जितने मक्का और मदीना मुसलमानों के लिए हैं।

हालांकि उन्होंने यह सुझाव भी दिया कि हिंदू समुदाय को अयोध्या, वाराणसी और मथुरा के अलावा हर मस्जिद के पीछे नहीं जाना चाहिए। दोनों समुदायों के नेतृत्व को कुछ शर्तों पर सहमत होना चाहिए।

केके भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (ASI) के नॉर्थ जोन के रीजनल डायरेक्टर के तौर पर 2012 में रिटायर हो चुके हैं। वे 1976 में बीबी लाल की उस टीम का हिस्सा थे, जिसने बाबरी मस्जिद की खुदाई की थी।

### केके का दावा- कम्युनिस्ट इतिहासकार मुसलमानों के दिमाग में जहर भर देंगे

केके ने कहा कि आपको कम्युनिस्ट इतिहासकारों से इन सब बातों पर बात नहीं करनी चाहिए क्योंकि पहले के मामले में भी इरफान हबीब जैसे कम्युनिस्ट इतिहासकारों और JNU के कुछ लोगों ने ही इस मुद्दे को उलझाया था। मुस्लिम समुदाय का एक हिस्सा राम जन्मभूमि सौंपने के लिए भी तैयार था क्योंकि मैंने कई लोगों से बात की थी। इसलिए, हमें इन कम्युनिस्ट इतिहासकारों को नहीं लाना चाहिए, वे इस मुद्दे को उलझा देंगे और मुसलमानों के दिमाग में जहर भर देंगे।

## मदनी बोले- आतंकवादियों से लड़ना ही असली जिहाद,यह पवित्र शब्द

### सरकारें इसे मुस्लिमों को गाली देने के लिए इस्तेमाल कर रहीं



**नई दिल्ली,एजेंसी।** जमीयत उलेमा-ए-हिंद के प्रेसिडेंट मौलाना महमूद मदनी ने जिहाद वाले बयान पर सफाई दी है। मदनी ने कहा कि उनके बयान से होने वाले किसी भी कन्फ्यूजन की जिम्मेदारी वे खुद लेते हैं।उनके शब्दों को उनके पूरे कॉन्टेक्स्ट के अलावा गलत समझा गया है। न्यूज एजेंसी ANI को दिए एक इंटरव्यू में मदनी ने कहा कि उनका इरादा जिहाद के पवित्र और ऐतिहासिक मतलब को हाईलाइट करना था। लेकिन वे यह पक्का करने की जिम्मेदारी नहीं निभा सके कि इसका गलत मतलब न निकाला जाए। दरअसल, 29 नवंबर को जमीयत प्रेसिडेंट ने भोपाल में नेशनल गवर्निंग बॉडी की मीटिंग के दौरान जिहाद शब्द के बारे में कहा था कि इस्लाम और मुसलमानों के दुश्मनों ने जिहाद को गाली, झगड़े और हिंसा का मतलब बना दिया है। आज लव जिहाद, लैंड जिहाद, तालीम जिहाद, थूक जिहाद, वोट जिहाद जैसे शब्दों का इस्तेमाल मुसलमानों की आस्था का अपमान करने के लिए किया जाता है। बदकिस्मती से सरकार और मीडिया के लोगों को ऐसे शब्दों का इस्तेमाल करने में कोई शर्म नहीं आती।

### पुतिन का भारत दौरा आज:

## 'उड़ता किला' लेकर आएंगे रूसी राष्ट्रपति, मोदी पर अटूट भरोसे संग फोर्ट्रेस सिक्योरिटी लागू



**मास्को/नई दिल्ली,एजेंसी।** रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के भारत आगमन से पहले सुरक्षा एजेंसियों ने अब तक की सबसे उच्च श्रेणी की वीवीआइपी सुरक्षा का ब्लूप्रिंट तैयार किया है। पुतिन जिनके विमान को दुनिया में आसमान में उड़ता किला कहा जाता है, उनके साथ सड़क मूवमेंट के लिए सुरक्षित लिमोजिन से लेकर भोजन और संचार व्यवस्था तक रूस अपनी पूरी टीम और उपकरण भारत लाता है। भारत आने पर पुतिन फोर्ट्रेस सिक्योरिटी पर रहेंगे।फोर्ट्रेस सिक्योरिटी वह सुरक्षा है जिसमें लक्ष्य को हर तरह के बाहरी खतरे से लगभग पूरी तरह अजेय बना दिया जाता है। मोदी दुनिया के उन चुनिंदा शासन प्रमुखों में हैं जिन पर पुतिन बेहद भरोसा करते हैं।अधिकारिक राजनयिक सूत्र और सुरक्षा एजेंसियों के हवाले से प्राप्त जानकारी बताती है कि पुतिन के विमान और सुरक्षा प्रोटोकॉल अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के विमान से तुलना के योग्य है और कई पहलुओं में उससे अलग भी।

### सड़क मूवमेंट : रूस लाता है अपनी खुद की बख्तरबंद लिमोजिन


पुतिन के किसी भी दौर पर सुरक्षा सिर्फ विमान तक सीमित नहीं रहती। सड़क सुरक्षा के लिए रूस भारत में अपना पूरा मोटरकेड लाता है, जिसमें औरुस सेनैत लिमोजिन शामिल होती है। वही कार जिसमें मॉस्को में राष्ट्रपति काफिला चलता है। यह कार बुलेट-प्रूफ और ग्रेनेड-प्रूफ आरपीजी-विस्फोटक प्रतिरोधक,हर्मेटिक सील से लैस, गैस-अटैक में भी सुरक्षित रहती है।

### एयर फोर्स वन से कम नहीं है आईएल-96-3000 प्यू

स्ट्रैटेजिक एविएशन इंटेलिजेंस नेटवर्क की गोपनीय रिपोर्ट के अनुसार सुरक्षा का सबसे उच्च मानदंड उस उड़ान को माना जाता है जिसमें राष्ट्राध्यक्ष यात्रा करते हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का एअर फोर्स वन और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का आईएल-96-3000 प्यू दोनों विमानों को वैश्विक सुरक्षा ढांचे में उड़ता हुआ सैन्य मुख्यालय कहा जाता है। दोनों में सुरक्षा व्यवस्था बेहद मजबूत है।

### जनगणना-2027 दो फेज में होगी, पहला चरण अप्रैल 2026 से

# दूसरा चरण फरवरी 2027 में होगा, राहुल गांधी के सवाल का गृह मंत्रालय ने दिया जवाब




**नई दिल्ली,एजेंसी।** केंद्रीय गृह मंत्रालय (MHA) ने मंगलवार को लोकसभा को बताया कि जनगणना 2027 की प्रक्रिया दो स्टेज में होगी, जिसकी शुरुआत 2026 में घरों की लिस्टिंग और घरों का डेटा इकट्ठा करने से होगी।

नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के एक सवाल के लिखित जवाब में विवरण देते हुए गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने कहा कि पहले चरण में आवास गणना और दूसरे चरण में आबादी की गणना की जाएगी।

पहला फेज अप्रैल से सितंबर 2026 के बीच 30 दिन में पूरा होगा। इसके लिए राज्य और केंद्र शासित प्रदेश टाइमलाइन तय करेंगे। दूसरा फेज जिसमें आबादी की गिनती होगी, वह फरवरी 2027 में होगा। जनगणना 2027 की टाइमलाइन पिछली जनगणनाओं में अपनाए गए तरीकों की तरह ही रखी गई है। मंत्रालय के मुताबिक 1 मार्च 2027 को रात 12 बजे पूरे देश में गिनती के लिए रेफरेंस डेट होगी। हालांकि लद्दाख और जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के बर्फीले इलाकों के लिए, आबादी की गिनती सितंबर 2026 में की जाएगी। 1 अक्टूबर 2026 को रेफरेंस डेट माना जाएगा।

**जनगणना 2027 पर नित्यानंद राय के जवाब की बड़ी बातें** :सरकार पहले के जनगणना राउंड से सीखे गए सबक और बेस्ट प्रैक्टिस को शामिल करेगी, जिसमें कुछ राज्यों में किए गए जाति-आधारित सर्वे भी शामिल हैं। प्रोसेस में पहले से ही पिछली एक्सरसाइज से मिली सीख और स्टेकहोल्डर कंसल्टेशन को शामिल किया गया है। जनगणना के दौरान पूछे जाने वाले सवाल संबंधित मंत्रालयों, यूजर ऑर्गनाइजेशन और सब्जेक्ट एक्सपर्ट के साथ चर्चा के बाद ही फाइनल किए जाते हैं। ऑफिशियल गजट में नोटिफाई किए जाने से पहले ड्राफ्ट क्वेश्चनेयर प्रैक्टिकल हैं या नहीं, यह देखने के लिए फील्ड टेस्टिंग होती है। जनगणना 2027 के लिए देश भर में प्री-टेस्ट 30 नवंबर को खत्म हुआ और फाइनल क्वेश्चनेयर जल्द ही नोटिफाई होने की उम्मीद है। रजिस्ट्रार जनरल और सेंसस कमिश्नर का ऑफिस क्वेश्चनेयर को फाइनल करने के प्रोसेस में है। हाउसलिस्टिंग फेज का पायलट 10 से 30 नवंबर 2025 के बीच किया गया। इस दौरान डिजिटल डेटा कलेक्शन मॉडल को भी टेस्ट किया गया। जवाब देने वालों को 1 से 7 नवंबर 2025 के बीच खुद गिनती करने की परमिशन दी गई। जनगणना 2027 में जाति की गिनती कैबिनेट कमेटी ऑन पॉलिटिकल अफेयर्स के 30 अप्रैल, 2025 के फैसले के मुताबिक की जाएगी।

### जनगणना का ज्यादातर काम पेपरलेस होगा

मोबाइल एप, पोर्टल और रियल टाइम डेटा ट्रांसफर से जनगणना बहुत हद तक पेपरलेस होगी। कागज पर लिखी जानकारी पढ़ने के लिए एआई आधारित इंटेलीजेंट कैरेक्टर रिकगनीशन टूल्स होंगे। जीपीएस टैगिंग और प्री-कोडेड ड्रॉपडाउन मैन्यू की व्यवस्था में गलती की गुंजाइश नहीं रहेगी। आम लोगों की मदद के लिए राष्ट्रव्यापी प्रचार होगा।

### लोकसभा में इन सवालों के जवाब भी दिए गए

- **2020 से अब तक 2.49 करोड़ राशन कार्ड डिलीट**: सरकार ने बताया कि 2020 से अब तक 2.49 करोड़ राशन कार्ड डिलीट किए हैं। मंत्री निमुबेन बाम्भनिया ने बताया कि यह कार्रवाई डुप्लिकेट, अपात्र लाभार्थी, मृत्यु या स्थायी रूप से स्थानांतरण जैसी वजहों से की गई। देश में अभी 20.29 करोड़ राशन कार्ड सक्रिय हैं और 80 करोड़ लोगों को मुफ्त अनाज दिया जाता है।
- **सहारा जमाकर्ताओं को 6,842 करोड़ रिफंड**: अमित शाह ने बताया कि सहारा ग्रुप की सहकारी समितियों ने अब तक 35.44 लाख जमाकर्ताओं को 6,841.86 करोड़ रु. लौटाए हैं। हर जमाकर्ता को अधिकतम 50,000 रुपए तक रिफंड मिल रहा है। सुप्रीम कोर्ट ने भुगतान की अंतिम तिथि 31 दिसंबर 2026 तक बढ़ा दी है।
- **700 से अधिक कफ सिरप निर्माताओं का ऑडिट हुआ**: सरकार ने राज्यसभा में बताया कि बच्चों की मौत के मामलों के बाद 700 से अधिक कफ सिरप निर्माताओं का सघन ऑडिट किया गया। 19 नमूनों में से 4 असुरक्षित पाए गए, जिनमें एक सिरप में 46त्न डाइइथिलीन ग्लाइकॉल मिला।

## नगरा में चला अतिक्रमण हटाओ अभियान, लोगों ने किया विरोध

**दैनिक खोज खबर/नगरा (सारण)।** नगरा थाना क्षेत्र के छपरा-मसरख मुख्य पथ स्थित नगरा बाजार में बुधवार को प्रशासन ने अतिक्रमण हटाने की बड़ी कार्रवाई की। सड़क को व्यवस्थित करने के लिए सुबह से ही टीम मौके पर पहुंची और दो-दो बुलडोजरों की मदद से दुकानों के आगे बने सीढ़ी-छज्जे सहित अवैध निर्माण को हटाया गया। इस कार्रवाई के दौरान कई दुकानदारों ने मापी कराकर अतिक्रमण हटाने की मांग करते हुए विरोध जताया, लेकिन प्रशासन ने किसी की एक न सुनी।



सीओ अभिषेक कुमार नगरा प्रभारी थानाध्यक्ष जनार्दन कुमार प्रजापति सहित पुलिस बल के साथ पूरी कार्रवाई की निगरानी करते रहे। उन्होंने बताया कि सड़क की मापी पहले ही करायी जा चुकी है और दुकानदारों को कई बार अतिक्रमण हटाने के लिए नोटिस दिया गया था। इसके साथ ही लाउडस्पीकर के माध्यम से भी लगातार जानकारी दी गई थी। चेतावनी के बावजूद अतिक्रमण नहीं हटाए जाने पर यह कार्रवाई की गई। प्रशासन ने साफ कहा कि बाजार की सड़क को जाम-मुक्त और सुरक्षित बनाने के लिए आगे भी ऐसे अभियान जारी रहेंगे।

## मढ़ौरा प्रशासन ने अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाया

**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा (सारण)।** बिहार में नई सरकार बनते ही सरकार अतिक्रमण को लेकर एक्शन में है। बुधवार को मढ़ौरा प्रशासन ने अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाया। कार्रवाई के तहत सड़क किनारे बने अवैध निर्माण और कई दुकानों को हटाया गया। अभियान के पहले दिन नगर क्षेत्र में मढ़ौरा मुख्य बाजार के धेनुकी चौक से पुराने एसबीआई चौक तक के अस्थायी अतिक्रमण को हटाया गया है। आगे अतिक्रमण को चिन्हित कर स्थाई अतिक्रमण पर भी कार्रवाई करने की बात कही गई है। मौके पर नपं कार्यपालक पदाधिकारी हरिश्चंद्र, सीओ अंपालिका यादव, राजस्व अधिकारी सुनील कुमार सिंह, थानाध्यक्ष मढ़ौरा सहित अन्य अधिकारी व काफी संख्या में पुलिस बल, नपं कर्मी उपस्थित थे।? मौके पर उपस्थित अधिकारी ने बताया कि सारण डीएम के निर्देश पर अभियान शुरु किया गया है। कहा मुख्य इसका उद्देश्य मुख्य शहर को अतिक्रमण-मुक्त करना है ताकी यातायात को सुचारू और बेहतर बनाया जा सकें। अतिक्रमण हटाने से पूर्व टीम ने पहले अतिक्रमण वाले क्षेत्रों का निरीक्षण किया, उसके बाद धेनुकी चौक से अपनी कार्रवाई की शुरुआत की।?



# निजी स्कूलों का फैलता जाल और समान शिक्षा प्रणाली की आवश्यकता

**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा (सारण)।** भारत में शिक्षा का निजीकरण जिस गति से बढ़ रहा है, वह चिंता का विषय बन चुका है। खासकर निजी स्कूलों ने पूरे देश में अपना जाल बिछा लिया है, जहाँ शिक्षा सेवा कम और व्यवसाय अधिक बनकर रह गई है। अधिकांश निजी स्कूल अपनी मनमानी फीस वसूलते हैं, साथ ही बच्चों की ड्रेस से लेकर कॉपी-किताब तक सब कुछ अपने तय किए हुए महँगे दामों पर ही उपलब्ध कराते हैं। अभिभावक विवश होकर इसे खरीदने को मजबूर होते हैं, क्योंकि उनका बच्चा कहीं पढ़ाई में पीछे न रह जाए या उसे स्कूल प्रशासन की नाराजगी न झेलनी पड़े। एक ओर बिहार सरकार सरकारी स्कूलों को मजबूत करने में लगी है, विद्यालयों को स्मार्ट बनाने, शिक्षकों की नियुक्ति करने और आधारभूत संरचना सुधारने के प्रयास हो रहे हैं; वहीं दूसरी ओर निजी स्कूलों की लूट और उनकी मनमानी पर कोई ठोस रोक नहीं लग पा रही है। शिक्षा का यह दोहरा ढाँचा समाज में असमानता को और गहरा कर रहा है।



नीरज कुमार

दुनिया के जिन देशों ने प्राथमिक शिक्षा का सफल लोकव्यापीकरण किया, उन्होंने यह उपलब्धि समान शिक्षा प्रणाली (ष्टश्वद्वद्वश्ठ स्ध्द्वश्शद्य स्4ह्यह्लद्गद्व) के माध्यम से हासिल की। इस प्रणाली का उद्देश्य था कि समाज के हर तबके–गरीब, मध्यमवर्ग और संपन्न–के बच्चे एक ही स्तर की, एक ही गुणवत्ता वाली शिक्षा प्राप्त करें।

भारत में भी 1968 में कोठारी आयोग ने और बिहार में 2007 में मुचकुंद दूबे आयोग ने समान शिक्षा प्रणाली लागू करने की स्पष्ट सिफारिश की थी, लेकिन राजनीतिक इच्छाशक्ति के अभाव में यह आज तक लागू नहीं हो पाई। यह एक ऐतिहासिक सत्य है कि कोई भी समाज शिक्षा के बिना प्रगति नहीं कर सकता। अगर समाज के सभी बच्चों को समान अवसर नहीं मिलेंगे तो राष्ट्र का विकास कभी संतुलित नहीं हो पाएगा। आज भी करोड़ों बच्चे इसलिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से वंचित हैं क्योंकि उनका जन्म आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों में हुआ है। दूसरी ओर, निजी स्कूलों की व्यावसायिक मानसिकता ने शिक्षा को एक महँगे उत्पाद का रूप दे दिया है। यदि शिक्षा को वास्तव में मौलिक अधिकार के रूप में लागू करना है, तो सरकार को यह सुनिश्चित करना होगा कि हर बच्चा–चाहे उसका परिवार किसी भी सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमि का हो–उसे एक ही गुणवत्ता की शिक्षा प्राप्त हो। संविधान ने राज्य को यह जिम्मेदारी दी है कि वह नागरिकों को समान और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराए। इसलिए जरूरी है कि~ शिक्षा के निजीकरण की बेलगाम प्रक्रिया पर रोक लगे फीस, यूनिफॉर्म और किताबों की मनमानी पर कठोर नियंत्रण हो सरकारी स्कूलों को निजी स्कूलों के समान या बेहतर सुविधाएँ दी जाएँ और सबसे महत्वपूर्ण–समान शिक्षा प्रणाली को लागू किया जाए। यह सिर्फ एक शिक्षा सुधार का मुद्दा नहीं है, बल्कि सामाजिक न्याय, अवसर की समानता और लोकतांत्रिक मूल्यों के मजबूती का प्रश्न है। अगर हम वास्तव में एक समान, न्यायपूर्ण और विकसित समाज का निर्माण करना चाहते हैं, तो समान शिक्षा प्रणाली को लागू करना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है।

## शोक संतप्त परिजनों से मिले अमनौर विधायक



**दैनिक खोज खबर/मकेर (सारण)।** सड़क हादसे में हुई दर्दनाक मौत से परिवार में दुख का मातम छाया हुआ है ,।इस दुख की घड़ी में पूर्व मंत्री एवम अमनौर विधायक कृष्ण कुमार उर्फ मंटु सिंह ने परिजनों से मिलकर उन्हें ढाढ़स बढ़ाया एवम बताया कि इस दुख की घड़ी में हम साथ है ।उनके साथ उप प्रमुख मैनेजर साह ,सोनू सिंह ,मंटु मास्टर रितेश कुमार पटेल, बबलू सिंह, शैलेंद्र कुमार सहित अन्य लोग मौजूद थे ।विदित हो कि पश्चिम ठहरा ग्राम निवासी लक्ष्मण सिंह के पुत्र ब्रजेश कुमार सिंह बरात जा रहे थे कि पूरे छपरा पटेल चौक के पास एक ट्रक ने रौंद डाला जहाँ उनकी मौत हो गयी ।

## सोनपुर मेला रस्सा कस्सी प्रतियोगिता में पटना विजेता



**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सोनपुर मेला आउटडोर खेल के तहत बुधवार को आयोजित (रस्सा-कस्सी) टग वार ऑफ प्रतियोगिता के रोमांचक मुकाबले में में पटना बना चैंपियन। फाइनल मुकाबला पटना और तिरहुत के बीच खेला गया जिसमें पटना 2-0 से विजेता रही । प्रतियोगिता के संयोजक सुजीत कुमार ने बताया कि कुल 6 प्रमंडल की टीम प्रतियोगिता में भाग ली । जिसमें पटना, तिरहुत,सारण, दरभंगा, मुंगेर तथा कोशी की सहभागिता रही की। खिलाड़ियों से संयोजक सुजीत कुमार के साथ तकनीकी पदाधिकारी संजय कुमार सिंह , सुनील कुमार सिंह,यशपाल सिंह, नितिन राठौड़, शिवानी सिंह,राजेश कुमार , दीपक कुमार सिंह , अमित गिरि ने परिचय प्राप्त कर प्रतियोगिता प्रारंभ कराया।प्रतियोगिता एवं पारितोषिक वितरण के अवसर पर विभिन्न खेलों के संयोजक के साथ जिला खेल पदाधिकारी मो शमीम किशोर कुणाल, मृत्युंजय कुमार सिंह,सुशील कुमार सिंह , पंकज कुमार चौहान,प्रमोद कुमार , नीलाभ गुंजन, रूपनारायण जी,गौरीशंकर जी ,खुशीनुदी कमाल,मुकेश कुमार सिंह, सुनील कुमार ,सिमा कुमारी, प्रियंका कुमारी, शिवानी सिंह, राजेश कुमार मेजर,विनय पंडित , कुमार कौशलेंद्र, मधुसूदन प्रसाद , खुर्शीद आलम, आदानी जी सहित अन्य उपस्थित रहे। प्रतियोगिता का संचालन जिला प्रशासन द्वारा किया जा रहा है। खिलाड़ियों में जोश और उत्साह देखने लायक है ।

## इसुआपुर में पर्याप्त मात्रा में उर्बरक उपलब्ध- मेराज

**दैनिक खोज खबर/इसुआपुर(सारण)।** प्रखंड अंतर्गत सभी दुकानों पर पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध है. ओर किसी तरह की कालाबाजारी नहीं हो रही है .उक्त बाते हिंदुस्तान बीज भंडार के निदेशक सह जिला एवं प्रखंड उर्वरक विक्रेता संघ के अध्यक्ष मेराज अहमद ने कही, उन्होंने कहा कि हमारा प्रतिष्ठान उच्च गुवाकता उक्त उर्वरक , बीज किसानों को मार्केट से कम मूल्य पर उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है , किसानों को वैज्ञानिक एवं नई तकनीक से खेती करने हेतु समय समय पर सेमिनार कराकर उन्हें प्रोत्साहित किया जाता है । वही प्रखंड कृषि पदाधिकारी इसुआपुर के द्वारा प्रखंड अंतर्गत उर्वरक दुकानों का निरक्षण भी किया गया प्रखंड में पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध होने की बात कही गई।

## कौरुधौरु उत्क्रमित मध्य विद्यालय के दर्जनों छात्र व छात्राएं ज्ञापन सौंपा

**दैनिक खोज खबर/मांझी(सारण)।** मांझी प्रखण्ड के कौरुधौरु उत्क्रमित मध्य विद्यालय के दर्जनों छात्र व छात्राएं बुधवार को अचानक मांझी बी डी ओ के कार्यालय में आ धमके तथा उन्हें एक ज्ञापन सौंपा। आक्रोशित दर्जनों छात्र व छात्राओं ने विद्यालय के प्रधान शिक्षक शाहनवाज खान पर मिड डे मिल का सड़ा गला खाना जबरन परोसने तथा खाने से इनकार करने पर भद्दी भद्दी गाली देने तथा बेरहमी से पीटने का संगीन आरोप लगाया। बी डी ओ उपेन्द्र दास ने पीड़ित छात्र छात्राओं की शिकातय की निष्पक्ष तरीके से जांच के बाद दोषी पाए जाने पर प्रधान शिक्षक के खिलाफ कठोर कार्रवाई का भरोसा दिलाया।

# फेलोशिप की उपाधि से सम्मानित हुए छपरा के हड्डी तथा नश रोग स्पेशलिस्ट डॉ अमरेश कुमार

दैनिक खोज खबर/इसुआपुर(सारण)। इसुआपुर के लाल हड्डी एवं इस डॉ अमरेश कुमार को महाराष्ट्र मे अडके हॉस्पिटल सोलापुर में इलिजरोव तथा कास्मेटिक ऑर्थोपेडिक्स की ट्रेनिंग के उपरांत उन्हें सम्मानित किया गया।एशिया प्रसिद्ध सर्जन डॉ संदीप अड़के के द्वारा उन्हें मैडल तथा सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया. इस बाबा डॉक्टर अमरेश ने बताया कि पूरे भारतवर्ष से 25 डॉक्टर को चुना जाता है तथा उन्हें इस विषय में ट्रेनिंग दी जाती है यह सम्मान मिलने से उन्हें काफी खुशी हुई है उनके उन्हें सम्मानित किए जाने पर तरैया विधायक जनक सिंह ,पूर्व प्रत्याशी शैलेन्द्र प्रताप सिंह, पूर्व विधायक मुद्रिका प्रसाद राय ,प्रमुख मितेंद्र प्रसाद यादव, मुखिया धनंजय पांडे, अजमल रहमानी, अजय राय,राजीव रंजन सिंह गुनु, मुखिया प्रतिनिधि अजय शाह, पन्नालाल राय, दीनदयाल राय, पूर्व मुखिया सुनिल चौरसिया, अरविंद चौरसिया, मनोज राय, डॉ ददन सिंह कुशवाहा पैक्स अध्यक्ष जितेंद्र सिंह कुशवाहा आदि ने उन्हें सुभकामना दी है।

## सेंट माईकल एकेडमी के बच्चों ने कार्यक्रम प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोहा

**दैनिक खोज खबर/भेल्दी(सारण)।** सेंट माईकल एकेडमी कटसा का प्रथम वार्षिकोत्सव समारोह पूर्वक मनाया गया।कार्यक्रम की विधिवत शुरूआत मुख्य अतिथि मनोज वर्मा संकल्प, विक्की आनंद, पत्रकार राजेश उपाध्याय, निदेशक एस पी सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।स्कूल के प्राचार्य नीरज कुमार गुप्ता ने आगत अतिथियो का स्वागत भाषण किया।समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि विक्की आनंद ने कहा कि बच्चे माता-पिता के साथ-साथ गुरू का सदैव सम्मान करें।मानव के विकास के लिए शिक्षा बहुत जरूरी है। अच्छे स्कूल से ही बच्चो का सर्वांगीण विकास होगा।मनोज वर्मा संकल्प ने कहा कि अंग्रेजी को गणित के बिना काम नही चल सकता।कई मामले में जापान व अमेरिका हमसे काफी पीछे हैं।हमारे पास जो संस्कार है वह किसी भी देश के पास नही है। बच्चे सुन्दर लिख रहे हैं कि नही इस पर ध्यान देने की जरूरत है।बच्चो के उच्चारण पर भी ध्यान देने की आवश्यकता है।बच्चो मे तार्किक क्षमता बढ़ाने की आवश्यकता है।पत्रकार राजेश उपाध्याय ने कहा कि शिक्षा को आज समाजिक सरोकार से जोड़ने की आवश्यकता है।बच्चों को आज संस्कारिक शिक्ष की जरूरत है।हर बच्चा पढ़ेगा तभी देश आगे बढ़ेगा।समारोह में स्कूली बच्चों ने एक से बढ़कर एक कार्यक्रम को प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया।समारोह को मुख्य रूप से अनिल कुमार सिंह, ई.गुड्डू राय, संजय कुमार सिंह, शशिभूषण सिंह आदि ने संबोधित किया।



# देशरत्न डॉ. राजेन्द्र प्रसाद की जयंती पर सांसद राजीव प्रताप रूडी का नमन

- **जीरादेई से डॉ. प्रसाद के संबंध और सारण के ऐतिहासिक जुड़ाव का उल्लेख**
- **जीरादेई स्थित प्रतिमा पर सांसद द्वारा पूर्व में किए गए माल्यार्पण को आज के अवसर से जोड़कर स्मरण**
- **राष्ट्रनिर्माण, सादगी और आदर्श राजनीति में डॉ. राजेन्द्र प्रसाद के योगदान को रेखांकित**

**दैनिक खोज खबर/छपरा ।** देश के प्रथम राष्टपति, संविधान सभा के अध्यक्ष और भारत के महान स्वतंत्रता सेनानी देशरत्न डॉ. राजेन्द्र प्रसाद की जयंती पर सारण सांसद राजीव प्रताप रूडी ने उन्हें नमन किया है। सांसद रूडी ने कहा कि डॉ. प्रसाद केवल बिहार ही नहीं बल्कि संपूर्ण भारत की नैतिक शक्ति और आदर्श राजनीतिक आचरण के प्रतीक थे। उनका जीवन सादगी, सत्यनिष्ठा और कर्तव्यपरायणता का अनुपम उदाहरण है।



जीरादेई स्थित देशरत्न डॉ. राजेन्द्र प्रसाद की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते सांसद रुडी का पूर्व का चित्र

डॉ. राजेन्द्र प्रसाद का पैतृक गाँव जीरादेई (सिवान) पहले सारण जिला का ही हिस्सा रहा है, इसी कारण उनका सारण से विशेष ऐतिहासिक व आत्मीय संबंध रहा है। इस अवसर पर सांसद रूडी ने उस क्षण को भी याद किया जब पूर्व में वे जीरादेई पहुंचे थे और वहाँ स्थापित डॉ. प्रसाद की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया था। उस यात्रा का फ़ाइल फ़ोटो भी आज की श्रद्धांजलि के रूप में साझा किया गया है। सांसद रूडी ने कहा कि डॉ. राजेन्द्र प्रसाद का जीवन हम सभी जनप्रतिनिधियों के लिए प्रेरणास्रोत है। भारत की लोकतांत्रिक परंपरा, संविधानिक मर्यादा और जनता के प्रति उनकी प्रतिबद्धता आज भी हमारे मार्ग को आलोकित करती है।



## स्कूली वाहनों की चेकिंग, लापरवाह प्रबंधक पर होगी कार्रवाई

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** डीएम के आदेशानुसार मशरक बीडीओ पंकज कुमार ने बुधवार को प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों के स्कूली वाहनों की जांच पड़ताल की। सघन चेकिंग अभियान चलाया। इस अभियान में बीडीओ ने स्कूल बसों, वैन और ऑटो के आवश्यक कागजात, फिटनेस और सुरक्षा मानकों की बारीकी से जांच की। चेकिंग के दौरान ड्राइवरों से रूट परमिट, ड्राइविंग लाइसेंस, इंश्योरेंस, फिटनेस प्रमाण पत्र सहित सभी आवश्यक दस्तावेज़ की जांच की। साथ ही स्कूल प्रबंधक और वाहन चालकों को स्पष्ट चेतावनी दी गई कि बच्चों की सुरक्षा में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यदि किसी अभिभावक या बच्चे की ओर से शिकायत मिली तो दोषी चालक पर तत्काल सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## एन एच 227 ए राम जानकी पथ पर सड़क दुघर्टना में हलुआई की मौत

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक के चैनपुर गांव में एन एच 227 ए राम जानकी पथ पर अनियंत्रित अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक खाना बनाने में हलुआई का काम करता है। मृतक की पहचान मशरक नगर पंचायत क्षेत्र के तख्त टोला के वार्ड -3 निवासी स्व मड़ई महंतों का 56 वर्षीय पुत्र सोना लाल महतो के रूप में हुई। मौके पर पहुंची थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल छपरा भेज दिया। परिजनों ने बताया कि मृतक खाना बनाने का काम करके परिवार का भरण पोषण करता है उसी में साटा पर गया था वहीं से वापस लौटने में अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत हो गई होंगी। मृतक बेहद ही गरीब हैं। मृतक की मौत की खबर लगते ही परिजनों में मातम छा गया।

## विश्व दिव्यांगता दिवस पर खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन

**दैनिक खोज खबर/गड़खा(सारण)।** विश्व दिव्यांगता दिवस के अवसर पर लक्ष्मी नारायण ब्राह्मण उच्च माध्यमिक विद्यालय छपरा में दिव्यांग बच्चों का जिलास्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें सारण जिला के 20 प्रखंडों के विभिन्न कोटि के दिव्यांग बच्चों, उनके अभिभावकों ने भाग लिया।




कार्यक्रम का उद्घाटन जिला कार्यक्रम पदाधिकारी समग्र शिक्षा प्रियंका रानी एवं प्रभारी समावेशी शिक्षा श्री राजेश कुमार माझी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय परसा की दृष्टि बाधित बच्चियों ने स्वागत गान से शमा बांधा । डीपीओ मैडम ने बच्चों को संबोधित करते हुए इनके समावेशी विकास पर जोर दिया। प्रभारी श्री राजेश जी ने इन बच्चों अभिभावकों एवं उपस्थित भीड़ को संबोधित करते हुए कहा कि- समावेशी शिक्षा से इन बच्चों को समाज के मुख्य धारा में जोडना, इनके सम्मान को बढ़ाना, अधिकारों का संरक्षण करना, समान अवसर प्रदान करना एवं पूर्ण सहभागिता ही उद्देश्य है। मौके पर मनोज कुमार, बच्चा बाबू, तारकेश्वर सिंह, श्रीराम गिरी आदि शिक्षकों ने कार्यक्रम में विशेष भूमिका अदा किये। इस कार्यक्रम को भीड़ के अलावा सैकड़ों लोगों ने अपने अपने छत से इस कार्यक्रम विशेष रूप से बच्चियों का मनमोहक गायन का आनंद लिया। प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय बच्चों को पुरस्कृत करने के अलावा सैकड़ों सहभागी बच्चों को भी गर्म कपड़ा देकर सम्मानित किया गया। मौके पर महिला एवं बाल विकास निगम, छपरा की टीम भी उपस्थित थीं जिन्होंने बच्चों को प्रोत्साहित किया।

## युवती का गंदा वीडियो भेजने की हरकत, पूछताछ करने पर मारपीट

**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा(सारण)।** एक युवती का गंदा वीडियो भेजने का एक मामला प्रकाश में आया है। इसकी जानकारी पर जब युवती के परिजनों ने आरोपी से पूछताछ की तो उनके साथ मारपीट की गई । मामले में जख्मी भुआलपुर निवासी बमभोला साह कि पत्नी 35 वर्षीय भागमनी देवी ने एक प्राथमिकी दर्ज कराई है। प्रथमिकी में भुआलपुर निवासी धीरज साह, सुभाष साह, टुनटुन साह, उम्रावती देवीको आरोपित किया है। प्राथमिकी में कहा है कि उसकी पुत्री की शादी तय हो गई है। उसके होने वाले ससुराल वालों ने फोन करके बताया कि उनके गांव का धीरज कुमार उन्हे गंदा विडियों और रिकार्डिंग भेज रहा है। इसको लेकर वह अपने घर के सदस्यों के साथ जब उसके घर पर जाकर पूछताछ करने लगी तो आरोपी उनके साथ मिलकर मारपीट करने लगे जिसमें उसे काफी चोट आई। जब उसकी पुत्री उसे बचाने आई तो धीरज कुमार ने उसे नीचे जमीन पर पटक दिया और उसकी पिटाई करने लगा। बाद में आस पास के लोग जूटे तो बीच बचाव किए ।

## मनाई गई धूम धाम से डॉ राजेंद्र प्रसाद की जयंती

**दैनिक खोज खबर/नगरा(सारण)।** बुधवार को भारत के प्रथम रास्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद के 141वीं जन्मदिन के अवसर पर मध्य विद्यालय लोहा छपरा अंचल- नगरा, सारण में विद्यालय के शिक्षक और शिक्षिकाओं तथा छात्र छात्राओं के द्वारा श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया और उनके व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डाला गया 7 इस अवसर पर विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक विजयेन्द्र कुमार विजय, प्रमोद कुमार सिंह, सागर सिंह चौहान, अनिता कुमारी, गायत्री कुमारी, मुकेश कुमार, रामेश्वर कुमार सहित अन्य लोग मौजूद थे। विजेंद्र विजय ने बताया कि आज डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद की जयंती के साथ-साथ अंतरराष्टीय दिव्यांग दिवस भी मानाया गया विद्यालय के दो दिव्यांग -छात्रओं को कॉपी पेंसिल प्रदान किया गया । दिव्यांग कोई अभिशाप नहीं वरदान है के रूप में मनाने के लिए प्रेरित किया गया।बच्चों को बताया गया कि आप सभी को जल्द जिस विद्यालय से डॉ राजेंद्र प्रसाद जी ने पढ़ाई और परीक्षा दिया था उस जिला स्कूल को घुमाया जाएगा ताकि उनके जीवन के मूल्यों को समझा जा सकें और विद्यार्थी जीवन के आदर्शों को अपने जीवन में आप उतार सके। बच्चों ने चित्रकारी पेंटिंग एवं ब्लैक बोर्ड पर डॉ राजेंद्र प्रसाद को रेखांकित किया पलक, पायल, पार्वती, संतोषी, अमृता, मेनका, अंशिका आदि थे।

# राजेंद्र महाविद्यालय में 141वीं राजेंद्र जयंती समारोह धूमधाम से आयोजित

**दैनिक खोज खबर /छपरा।** राजेंद्र कॉलेज, छपरा में भारत रत्न प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद की 141वीं जयंती बड़े उत्साह और गरिमा के साथ मनाई गई। समारोह का उद्देश्य डॉ. प्रसाद के जीवनङ्कविचारों, उनके राष्ट्रनिर्माण और शिक्षा के क्षेत्र में अतुलनीय योगदान को स्मरण करना था। कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय प्रांगण के सभागार में हुआ, जिसमें छात्रङ्कछात्राओं, प्राध्यापकों एवं गणमान्य अतिथियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारम्भ महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. उदय शंकर पाण्डेय के स्वागत भाषण से हुआ। उन्होंने कहा कि राजेंद्र कॉलेज का सौभाग्य है कि यह महान राष्ट्रपति के नाम पर स्थापित है। संस्था निरंतर उनके आदर्शों पर आधारित शिक्षा को छात्रों तक पहुँचाने के लिए प्रतिबद्ध है।कार्यक्रम की अध्यक्षता जय प्रकाश विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (डॉ.) परमेंद्र कुमार बाजपेई ने



की। उन्होंने अपने अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि डॉ. राजेंद्र प्रसाद भारतीय संस्कृति, नैतिकता और सादगी के प्रतीक थे। आज की पीढ़ी को उनसे प्रेरणा लेते हुए कर्तव्यनिष्ठ, ईमानदार और राष्ट्र के प्रति समर्पित होना चाहिए। शिक्षा का मूल उद्देश्य मनुष्य में मानवीय मूल्यों का विकास है, और इस पर डॉ. प्रसाद ने अपने जीवन में विशेष बल दिया। उन्होंने गांधी और राजेंद्र प्रसाद के संस्मरणों से सभी को प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि जो उच्च शिक्षा नियामक जो बनाया जा रहा है उसका नाम राजेंद्र प्रसाद के नाम पर होना चाहिए। मुख्य अतिथि का वक्तव्य सारण प्रमंडल आयुक्त राजीव रौशन समारोह के मुख्य अतिथि थे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा डॉ. राजेंद्र प्रसाद राजनीतिक सौहार्द, सरलता और निष्कलंक चरित्र के आदर्श थे। प्रशासनिक क्षेत्र में कार्यरत हम सभी के लिए वे हमेशा मार्गदर्शक रहेंगे। युवाओं को उनके जीवन से अनुशासन, सत्यनिष्ठा और परिश्रम की सीख लेनी चाहिए। विशिष्ट अतिथि का संदेश कर्नल श्री राजीव रंजन शर्मा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। उन्होंने कहा सेना हो या नागरिक प्रशासन—देश सेवा की भावना सर्वोपरि है। डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने विपरीत परिस्थितियों में भी राष्ट्रहित को सर्वोच्च प्राथमिकता दी। यह समारोह युवाओं में राष्ट्रभक्ति और कर्तव्यपरायणता की भावना को और प्रबल करेगा। सम्मानित अतिथि प्रो. सुधाबला ने कहा कि राजेंद्र प्रसाद शिक्षा के मूल्यों और भारतीय ज्ञान परंपरा के संरक्षण के लिए सदैव प्रयत्नशील रहे। आज हमें उनकी शिक्षाओं को संस्थागत स्तर पर अपनाने की आवश्यकता है। प्रो. नरोत्तम मिश्र ने अपने उद्बोधन में कहा कि डॉ. प्रसाद का व्यक्तित्व भारतीय लोकतंत्र की जड़ों से जुड़ा था। उनकी साधारण जीवनशैली बताती है कि महानता सरलता में निवास करती है। उन्होंने राजेंद्र प्रसाद की स्मृतियों पर चर्चा की। बड़ौदा विश्वविद्यालय के प्रो. अरुण प्रताप ने कहा कि नई पीढ़ी को डॉ. राजेंद्र प्रसाद के अद्वितीय व्यक्तित्व, ज्ञान की व्यापकता और संविधान के प्रति उनकी प्रतिबद्धता से प्रेरणा लेनी चाहिए। समारोह का मंच संचालन डॉ. ऋचा मिश्रा एवं डॉ. अर्चना उपाध्याय ने अत्यंत प्रभावी एवं संयत रूप से किया। दोनों ने कार्यक्रम को गरिमामय और सुव्यवस्थित ढंग से आगे बढ़ाया। धन्यवाद ज्ञापन रसायन विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. संजय कुमार द्वारा किया गया। समूचे समारोह में एक विशेष उत्साह और राष्ट्रीयता की भावना देखने को मिली।

## अनियंत्रित बोलेरो की ठोकर से ऑटो चालक की मौत, पत्नी छपरा रेफर

**तरैया (सारण)।** थाना क्षेत्र के तरैया-अमनौर एसएच-104 मुख्य सड़क पर तरैया बाजार स्थित रामकी आई हॉस्पिटल के समीप बुधवार की संध्या में एक अनियंत्रित बोलेरे की ठोकर से ऑटो चालक की मौत हो गई, जबकि इस घटना में उसकी पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई। मृतक शितलपट्टी गांव निवासी स्व0 शिवपूजन साह का 45 वर्षीय पुत्र कन्हैया साह बताया गया हैं, जबकि गंभीर रूप से घायल उसकी पत्नी मिन्ता देवी है। जिसका इलाज चल रहा है। घटना के सम्बंध में बताया जाता है कि कन्हैया साह जो कि ऑटो पर गांव-गांव घूमकर आलू-प्याज और मसाला बेचता हैं। बुधवार को किसी काम को लेकर वह पति-पत्नी अपने ऑटो से ही तरैया बाजार पर गए हुए थे। इसी दौरान तरैया-अमनौर एसएच-104 मुख्य सड़क पर रामकी आई हॉस्पिटल के समीप अमनौर की तरफ से आ रही एक अनियंत्रित बोलेरो के चालक ने ऑटो में जोरदार ठोकर मार दिया। जिससे कन्हैया साह बीच सड़क पर फेंका गया और उसकी पत्नी भी गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना को देखकर आसपास के लोगों दौड़ते हुए वहां पहुचे तथा दोनों को तुरंत उठाकर रेफरल अस्पताल तरैया में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने कन्हैया साह को मृत घोषित कर दिया। जबकि गंभीर रूप से घायल मिन्ता देवी को प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसे छपरा सदर अस्पताल रेफर कर दिया। जहां उसका इलाज चल रहा है, जिसकी स्थिति नाजुक बनी हुई है। वहीं सूचना मिलते ही मौके पर पहुची तरैया थाने की पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए छपरा सदर अस्पताल भेजकर आगें की जांच एवं कार्रवाई में जुट गई हैं। मृतक दो भाइयों में सबसे छोटा था जिसको एक पुत्र रौशन कुमार 18 वर्ष, तथा दो पुत्री रौशनी कुमारी 15 वर्ष एवं प्रीति कुमारी 13 वर्ष हैं। वहीं घटना के बाद मृतक के पुत्र-पुत्रियों समेत परिवार के अन्य सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# एकमा के विभिन्न संस्थानों में देश रत्न डॉ. राजेंद्र प्रसाद की 141वीं जयंती श्रद्धा पूर्वक मनी

**दैनिक खोज खबर/एकमा(सारण)।** भारत के प्रथम राष्ट्पति देश रत्न डॉ. राजेंद्र प्रसाद की 141वीं जयंती बुधवार को एकमा प्रखंड के विभिन्न स्थानों पर श्रद्धा व सम्मान के साथ मनाई गई। प्रखंड के सफरी गांव स्थित राज किशोर सिंह उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित जयंती कार्यक्रम की अध्यक्षता गणित के व्याख्याता विज्ञान कुमार सिंह ने की। समारोह के दौरान कॉलेज के सचिव प्रो. कृपा शंकर सिंह, विज्ञान सिंह, चंदन कुमार, अभिषेक कुमार सिंह, अशोक राम, रूपेश यादव, मनोज कुमार यादव सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं शामिल रहे। कार्यक्रम की शुरुआत में विद्यार्थियों विश्वजीत, प्रिंस, श्रुति, रुचि, रितिका, अर्पिता, सुष्मिता आदि ने डॉ. राजेंद्र प्रसाद के चित्र पर माल्यार्पण कर उनकी जीवनी व राष्ट्र निर्माण में दिए गए योगदान को याद किया। विद्यालय के प्राचार्य उज्ज्वल कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि राजेंद्र बाबू का संपूर्ण जीवन समर्पण, सरलता व राष्ट्र सेवा का आदर्श उदाहरण है। उन्होंने विद्यार्थियों को उनके विचारों व कार्यों से प्रेरणा लेने का संदेश दिया।

अंत में कॉलेज के सचिव प्रो. कृपा शंकर सिंह द्वारा प्रतियोगिता के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कार प्रदान किया गया। इसी क्रम में जानकी एजुकेशन एंड सोशल ट्रस्ट हंसराजपुर के तत्वावधान में आयोजित जयंती समारोह को संबोधित करते हुए ट्रस्ट के अध्यक्ष व समाजसेवी डॉ सत्यदेव प्रसाद यादव ने डॉ राजेंद्र प्रसाद को ÷सादा जीवन उच्च विचार÷ अपने जीवन में अपनाने का संदेश दिया। उत्क्रमित मध्य विद्यालय गौसपुर में प्रधानाध्यापक मंजीत कुमार तिवारी व उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय गौसपुर में प्रधानाध्यापक मोहम्मद तौकीर अंसारी की अध्यक्षता में प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद की जयंती मनाई गई। जिसमें मंजीत कुमार तिवारी, मोहम्मद तौकीर अंसारी सहित सभी शिक्षकङ्कशिक्षिकाओं क्रमशः दिग्विजय कुमार गुप्ता, योगेश कुमार सिंह, कमल कुमार सिंह, सनोज मेहरा, अंजू कुमारी, सोनाली नंदा, राज मोहम्मद अंसारी, रंजीत कुमार, रंजन कुमार, विकास कुमार सिंह, अमित कुमार सिंह, ओमप्रकाश सिंह, सुशील यादव, किसलय कुमार, जुली कुमारी आदि ने डॉ राजेंद्र प्रसाद के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके प्रेरणादायक जीवन व विचारों को अपनाने का संकल्प व्यक्त किया।

उधर रामाधार सिंह टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज एकमा के डॉ राजेंद्र प्रसाद सभागार में देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद की जयंती कॉलेज के सचिव इंजीनियर जयप्रकाश सिंह की अध्यक्षता में समारोह पूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम का संचालन एनएसएस के कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो. अनूप कुमार एवं प्रो. हरिशंकर सिंह द्वारा किया गया।

इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ. मृत्युंजय कुमार मिश्र, कॉलेज के सचिव ई. जयप्रकाश सिंह, ट्रस्टी राजीव कुमार शर्मा, कॉलेज के शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारी क्रमशः प्रो. सुजीत कुमार, प्रो. अजीत कुमार, प्रो. अमित कुमार, प्रो. कंचन भारती, संतोष कुमार, नागेंद्र कुमार सिंह सहित अन्य लोगों ने डॉ राजेंद्र बाबू के चित्र पर अपना श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

# मढ़ौरा में 17 दिव्यांगजनों को मोटराइड ट्राई साइकिल मिली



**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा(सारण)।** प्रखंड कार्यालय में स्थित अनुमंडलीय बुनियाद केन्द्र की रौनक दिव्यांग दिवस पर बुधवार को अलग दिखी। आमतौर पर दर्द और परेशानियों में आने वाले दिव्यांगजन व उनके परिजन के चेहरे खिले खिले खिले थे। यह खुशी उनको समाज कल्याण विभाग से मोटराइड ट्राई साइकिल मिलने की थी। पहले हाथ वाले पैडल ट्राई साइकिल से सफर मुश्किल होता था। अब अनुमंडल के 17 दिव्यांग बैट्री वाले मोटराइड ट्राई साइकिल से आने जाने का काम करेंगे। बिना शरीर का श्रम लगाएं वे हाथों से एक्सीलेटर लेकर अपनी यात्रा को पूरा करेगे ।

इस मौके पर उपस्थित अनुमंडल कल्याण पदाधिकारी सह कार्यपालक पदाधिकारी रंजय कुमार सिंह ने बताया कि इस वाहन से प्रतिदिन 40-50 किलोमीटर का सफर आसानी से कर सकेगे। इस वाहन से कॉलेज के छात्र- छात्राओं को पठन पाठन में मदद मिलेगी तो अन्य दिव्यांगजन अपना चलंत रोजगार करके भी जीवन यापन कर सकेगे। उपस्थित बाल विकास परियोजना पदाधिकारी वीनिता भारती ने कहा कि सरकार सभी वर्ग के बेहतरी और उनके उत्थान का कार्य कर रही है। बताया कि योजना से कूल 33 लाभूकों को चयनित किया गया है। दिव्यांग दिवस पर उपस्थित 17 लाभूको को मोटराइड ट्राई साइकिल उपलब्ध कराया जा रहा है। जल्दी अन्य चयनित लाभूको को लाभ उपलब्ध करा दिया जाएगा । इसके पूर्व दिव्यांगजनों के बीच एक खेल कूद प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया जिसमें चयनित प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर बुनियाद केन्द्र के कर्मी उपस्थित थे।

## डॉ. राजेंद्र प्रसाद जयंती पर एसएसपी सारण ने किया पुलिस-पब्लिक संवाद

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद की जयंती के अवसर पर वरीय पुलिस अधीक्षक, सारण डॉ. कुमार आशीष ने जिला स्कूल, छपरा स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित की। इस मौके पर आयोजित कार्यक्रम में एसएसपी ने छात्रों, एनसीसी कैडेटों, शिक्षकों एवं विद्यालय प्रबंधन से संवाद करते हुए डॉ. राजेंद्र प्रसाद जी के आदर्शों को आत्मसात करने की अपील की। उन्होंने कहा कि डॉ. राजेंद्र प्रसाद का जीवन त्याग, सत्य और अनुशासन का प्रतिमान है, जिन्हें नई पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत के रूप में अपनाया जाना चाहिए। एसएसपी ने पुलिस महानिदेशक के आदेशों के आलोक में छात्र-छात्राओं से बेहतर समाज निर्माण में जागरूक भूमिका निभाने की अपेक्षा व्यक्त की। उन्होंने युवाओं से अनुशासन, सामाजिक सद्भाव, कानून का सम्मान और सकारात्मक सहयोग को जीवन का अनिवार्य हिस्सा बनाने की अपील की।कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ, एनसीसी कैडेट, शिक्षक एवं विद्यालय प्रबंधन के सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने राष्ट्रहित और समाजहित में सक्रिय योगदान देने का संकल्प लिया।






# देशरत्न डॉ. राजेंद्र प्रसाद की जयंती छपरा विधि मण्डल के प्रांगण में समारोह पूर्वक आयोजित




**दैनिक खोज खबर/छपरा।** देशरत्न डा. राजेन्द्र प्रसाद जयंती आयोजन समिति, छपरा के द्वारा बुधवार 3 दिसंबर को छपरा विधि मण्डल के प्रांगण में आयोजित ÷डा. राजेन्द्र प्रसाद जयन्ती÷ सह ÷अधिवक्ता-दिवस÷ कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन आयोजन समिति एवं वरीय अधिवतागण के कर कमलों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया ÷गया। तत?पश्चात, वरीय अधिवक्तागण को समिति द्वारा ÷अंग वस्त्र÷ देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर समिति द्वारा नए अधिवक्ताओं को ÷सम्मान-पत्र÷ देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को के दौरान सभी अधिवक्ताओं के बीच काफी हर्ष एवम उल्लास का माहौल देखा गया। कार्यक्रम, का विषय वस्तु ÷वर्तमान परिपेक्ष में युवा अधिवक्ताओं की भूमिका÷ विषय पर वरीय अधिवक्तागण प्रकाश डाले एवं युवा अधिवक्ताओं के साथ अपने-अपने अनुभव को साझा किए। कार्यक्रम की शुरूआत समिति के सचिव पंकज कुमार के द्वारा देशरत्न डॉ राजेन्द्र प्रसाद के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए की गई तत्पश्चात अंकुर प्रकाश सिन्हा के द्वारा विषय वस्तु पर विचार व्यक्त किया गया तदोपरांत समिति के सदस्य रवि, डॉ0 पंकज कुमार सिंह, विशाल वर्मा, मणिशंकर मिश्रा, त्रिलोकी सिंह कुशवाहा, मनीष कुमार शर्मा, सागर कुमार, पिंकी कुमारी, शहजाद मजहरी, राजीव कुमार तिवारी एवं अन्य अधिवक्ताओं के द्वारा अपना अनुभव साझा किया गया। मंच संचालन अविनाश शंकर एवम अध्यक्षीय भाषण तथा धन्यवाद ज्ञापन समिति के अध्यक्ष संजीत कुमार के द्वारा किया गया ।

# मैरवा : महिला का आभूषण चोरी मामले में पांच महिला गिरफ्तार

**परवेज अख्तर/सीवान।** मैरवा स्टेशन पर मंगलवार की दोपहर एक महिला यात्री के पर्स से आभूषण चोरी मामले में गिरफ्तार पांच महिला को जीआरपी ने बुधवार को जेल भेज दिया। गिरफ्तार रोहतास जिला के गोला थाना क्षेत्र के अकोढ़ी गोला निवासी सुरगिया देवी, पटना जिला के जलालपुर थाना क्षेत्र के दानापुर निवासी मुखर्जी देवी, रोहतास जिला के खुशी देवी, भोजपुर जिला के किरन देवी व जाउत्री देवी है।इस संबंध में जीआरपी थानाध्यक्ष विकास कुमार आजाद ने बताया कि आभूषण चोरी मामले में महिला यात्री सह देवरिया जिला के मझौली थाना क्षेत्र के मझौली किला चौराहा निवासी रीमा देवी ने थाना पर आवेदन देकर प्राथमिकी कराई है। महिला यात्री दो दिसंबर को अपने परिवार के साथ मैरवा से भटनी जाने के लिए मैरवा स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या एक पर लिच्छवी एक्सप्रेस का इंतजार कर रही थी।जैसे ट्रेन पहुंची तो स्टेशन पर काफी भीड़ हो गई। हमलोग गाड़ी में चढ़ रहे थे तभी चार से पांच महिला अपने साथ बच्चे लिए हुए गेट के पास आकर भीड़ करने लगी। मैं अपने पर्स को देखी तो चैन खुला हुआ था। जिसमें से रखा हुए मेरा एक छोटा पर्स चोरी हो गया था। पर्स में मंगल सुत्र, जिउतिया, बिछिया, मांगटीका था। अगल-बगल के यात्रियों ने बताया कि ये पांच महिलाओं ने अपना का आभूषण चोरी की है। हल्ला करने पर लोगों ने उन्हें पकड़ लिया। इसके बाद पांचों महिलाओं को जीआरपी पर लाया गया। जहां प्राथमिकी के बाद जेल भेज दिया गया।

# पिकअप की ठोकर से बाइक सवारी युवक की मौत

- महादेव थाना क्षेत्र के आकोपुर हाईवे पर हुई घटना
- शहर का ही रहने वाला है मृत युवक

**सीवान।** महादेवा थाना क्षेत्र के आकोपुर गांव के समीप मंगलवार की रात्रि लगभग साढ़े सात बजे पिकअप की चपेट में आने से एक बाइक चालक युवक की मौत हो गई. दुर्घटना के बाद पिकअप भी पलट गई.पिकअप में सवार कुछ लोगों के जख्मी होने की सूचना है.मृतक की पहचान आकाश सोनी के रूप में हुई है जो नगर थाना के कसेरा टोली निवासी प्रकाश सोनी का पुत्र था.घटना के संबंध बताया जाता है कि आकाश सोनी बाइक से जा रहा था तभी विपरीत दिशा से आ रही पिकअप की चपेट में आ गया. सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची एवं स्थानीय लोगों की मदद से जख्मी आकाश को उपचार के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया. जहां उपचार के दौरान लाने के क्रम में आकाश की मौत रास्ते में ही हो गई. सूचना मिलते ही परिजन सदर अस्पताल पहुंचे तथा महादेवा थाने की पुलिस पर घायल को अस्पताल लाने में देरी करने का आरोप लगाने लगे. लोगों को आक्रोशित देख नगर थाने की पुलिस सदर अस्पताल पहुंची तथा लोगों को समझा कर मामले को शांत कराया. इधर पुलिस पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों को सौप दिया.

**घटना के बाद पिकअप चालक फरार** - पुलिसिया जानकारी के मुताबिक घटना होते ही पिकअप में सवार चालक सहित अन्य लोग मौके से फरार हों गए. पीकअप पलटने के कारण उसमें सवार लोग जख्मी भी हुए है. जहां शहर के अस्पतालों में पुलिस जख्मी चालक को ढूंढती रही.हालांकि घायल नही मिल सके. इधर पुलिस अभी भी चालक की तलाश कर रही हैं.

**जांच में जुटी पुलिस-** इधर घटना के बाद पुलिस पल्सर बाइक और पिकअप को जप्त कर ली हैं. वही पुलिस पिकअप से बरामद समाग्री भी जप्त की हैं. अब पुलिस मामले की जांच कर अग्रिम कार्यवाई में जुटी हुई हैं.

**बोले पदाधिकारी** :सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत हुई हैं. अब तक परिजनों ने आवेदन नही दिया हैं. मामले की जांच के आगे की कार्यवाई की जा रही हैं.-

**विशाल कुमार,प्रभारी थानाध्यक्ष, महादेवा**

# बिरियानी खा रहे युवक को अपराधियों ने मारी गोली, घायल

- गांव के ही सरकारी स्कूल के समीप दिया वारदात को अंजाम
- पुलिस कर रही है मामले की जांच

**परवेज अख्तर/सीवान।** बड़हरिया थाना क्षेत्र के छोटका सिसवा गांव में बुधवार की संध्या एक युवक को अपराधियों ने गोली मार दी. जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया. घायल सिसवां पश्चिम टोला निवासी नसीम अहमद है जो स्व. मोबीन अहमद का 30 वर्षीय पुत्र है. घटना के संबंध में स्थानीय लोगों से प्राप्त जानकारी के मुताबिक नसीम अहमद छोटका सिसवांसरकारी स्कूल के समीप संध्या में बिरयानी खा रहा था. तभी एक बाइक पर सवार दो अपराधी आए और उससे पूछे कि तुम कहां जा रहे हो. इसके बाद कमर से पिस्टल निकाला तब नसीम ने उसका विरोध किया और दोनों में हाथापाई हुई. तभी अपराधियों ने नसीम को पेट में गोली मार दी जो की गोली पेट मे लग कर दूसरी तरफ निकल चुकी हैं .इसके बाद वह गंभीर रूप से घायल हो गया .स्थानीय लोगों ने उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया .जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए पीएमसीएच पटना रेफर कर दिया. वहीं सूचना पर पहुंची पुलिस घायल से पूछताछ के बाद अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है .इधर गोली की घटना के बाद परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया है. मामले में थानाध्यक्ष छोटन कुमार ने बताया कि इस मामले में अभी मुझे कुछ जानकारी नहीं है ,जानकारी हासिल कर में स्पष्ट बताऊंगा.

# रोहित बने पॉवरलिफ्टिंग में नेशनल चैंपियन, अंडर 66 में जीता गोल्ड

## पहले भी जीत चुके है गोल्ड,जिले का नाम किया रौशन

**परवेज अख्तर/सीवान।** हुसैनगंज प्रखंड के जुड़कन के रहने वाले एथलीट व खिलाड़ी रोहित सिंह ने पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता में सीनियर अंडर 66 में गोल्ड मेडल प्राप्त किया गया है.कार्यक्रम भागलपुर में पावरलिफ्टिंग क्लब ऑफ़ इंडिया के तत्वाधान में आयोजित किया गया था.जहां रोहित ने बेंच प्रेस व स्कावट पॉवरलिफ्टिंग प्रतियोगिता में भाग लिया गया था और अपने भार वर्ग में बेहतरीन प्रदर्शन किया गया, इसके उपरांत उन्हें भागलपुर में गोल्ड मेडल प्रशस्ति पत्र और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया.खिलाड़ी रोहित सिंह ने बताया कि शुरू से ही खेल व खेल से जुड़ी गतिविधियों में वह सक्रिय रहे हैं और कई प्रतियोगिताओं में हिस्सा ले चुके हैं.वही पॉवरलिफ्टिंग में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता जीतने के बाद राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेकर उन्होंने पुनः एक बार जीत दर्ज कर अपने गांव प्रखंड व जिले का नाम रोशन किया है.

## रघुनाथपुर में मुखिया की सरेआम हत्या

**सिवान।** रघुनाथपुर प्रखंड के फुलवरिया मोड़ पर बुधवार की सायंकाल अपराधियों ने कानून-व्यवस्था को सीधी चुनौती देते हुए बड़ा हमला किया। बाइक सवार अपराधियों ने गोपी पतियांव पंचायत के मुखिया राधा साह को सरेआम गोलियों से भून डाला। वारदात इतनी नृशंस थी कि मौके पर ही उनकी मौत हो गई।

## दो महीने भी में भी नगर थाना नहीं ढूंढ पाई चोरी की

**सीवान**। नगर थाना क्षेत्र के श्रद्धानंद बाजार से चोरों ने सराय थाना क्षेत्र के वैशाखी निवासी रामध्यान सिंह का बाइक 19 अक्टूबर को चोरी कर ली थी.जिसके एक सप्ताह बाद लोगो ने बाइक चोर को सीसीटीवी कैमरा के फुटेज के माध्यम से पहचान कर पकड़ लिया और पुलिस को सौंप दिया था. जिसमें पुलिस चोर से पूछताछ की और चोर ने बाइक को तीतिरा गांव में बेचने की बात कही थी. हालांकि उसके बावजूद भी पुलिस दो महीने बीतने को जा रहा है लेकिन अब तक चोर को नहीं पकड़ सकी है.पीड़ित का कहना है कि पुलिस मुझे ही बाइक चोर को पकड़ने के लिए कह रही है. जिसको लेकर मैं प्रतिदिन थाना का चक्कर काट रहा हूं .लेकिन मेरा मामले का निष्पादन नहीं हो पा रहा है।

## पुलिस ने चोरी के मामले में तीन अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**कटिहार, (हिस.)**। रौतारा थाना पुलिस ने चोरी के एक मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से चोरी का मोबाइल और टैब भी बरामद किया है। उक्त मामले को लेकर पीड़ित हरिलाल ऋषि ने 25 नवम्बर को रौतारा थाना में शिकायत दर्ज कराई थी कि उनके घर में घुसकर दो व्यक्ति ने एक टैब और मोबाइल चोरी कर ली है। पुलिस ने बताया कि उक्त आवेदन के आधार पर रौतारा थाना में कांड संख्या-217/25 दर्ज की गई थी। अनुसंधान के क्रम में तकनीकी और मानवीय संसाधनों के आधार पर प्राप्त सूचना के अनुसार चोरी किए गए मोबाइल का उपयोग ग्राम खुदना क्षेत्र में होने की पुष्टि हुई।

